आइआइएम का 10वां स्थापना दिवस आज

प्रणब मुखर्जी होंगे मुख्य अतिथि

- मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में होगा समारोह

रांची. आज आइआइएम रांची का 10वां स्थापना दिवस मनाया जायेगा. यह समारोह शाम 6.30 बजे मोरहाबादी स्थित आर्यभट्ट सभागार में होगा. समारोह के मुख्य अतिथि देश के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी होंगे. आइआइएम रांची की स्थापना छह जुलाई 2010 को हुई थी. वर्तमान में यह संस्थान सूचना भवन में संचालित होता है. इसका छात्रावास खेलगांव में है. इसके पहले निदेशक डॉ एमजे जेवियर थे. यहां सिर्फ डिप्लोमा की उपाधि दी जाती है.

विद्यार्थियों ने हासिल की है उपलब्धियां : इस संस्थान के विद्यार्थी अपने शिक्षण कार्यों के अलावा अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं. साथ ही देश स्तर पर आयोजित कई प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया है. कई पुरस्कार हासिल कर चुके हैं. आइआइएम रांची में अंतर कॉलेज लेख प्रतियोगिता, अंतर कॉलेज क्विज, फर्नाॅथन, वॉकथॉन, क्रिकेट मंडी के अलावा कई सामाजिक गतिविधियां भी समय-समय पर आयोजित की जाती है. इनमें रक्तदान शिविर, स्वच्छ भारत अभियान, कपड़े दान शिविर आदि शामिल हैं.

इसके अलावा कई एकेडमिक, सोशल, स्पोर्ट्स और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया है. इस सफर में संस्थान ने सराहनीय उपलब्धियां हासिल की हैं. यहां के विद्यार्थी 50 से अधिक पुरस्कार जीते हैं. यहां आठ समितियां हैं और नौ क्लब हैं.

Prabhat Khabar, 15.12.2018, Pg. 19